दिन– गुरूवार दिनांक– 01/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. उत्साह और उमंग के साथ लोग कर रहे है नव वर्ष का स्वागत। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।

02. निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक जितेन्द्र सिंह गंगवार ने कहा –राज्य में भ्रष्टाचार के मामलों के स्पीडी ट्रायल में और तेजी आयेगी।

03. केन्द्र सरकार के निर्देश पर राज्य में तीन सौ दवाओं पर क्यू आर कोड लगा। लोग स्कैन कर असली और नकली का कर सकेंगे पहचान।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में शीतलहर से जन जीवन अस्त–व्यस्त। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में हल्की धूप निकलने से थोड़ी राहत।

———————————————————————

नये साल की शुरुआत को लेकर आज राज्यभर में उत्साह का माहौल है। लोग नये संकल्पों के साथ नये वर्ष का स्वागत कर रहे हैं। वर्ष दो हजार छब्बीस का स्वागत करने के लिए विभिन्न ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण स्थलों को आकर्षक रूप से सजाया गया है और रंग बिरंगी रोशनी की गई है। पटना जंक्शन स्थित हनुमान मंदिर समेत राजधानी के प्रमुख मंदिरों, गुरूद्वारों और गिरजाघरों में लोग सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इधर, विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि कड़ाके की ठंड के बाद भी युवा पिकनिक स्थलों की ओर जाते दिख रहे हैं। इसके साथ ही होटलों और अन्य स्थानों पर नये वर्ष पूरी तैयारी की गयी है।

———————————————————————

नये साल के स्वागत और जश्न को लेकर प्रशासन ने भी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। डीजीपी विनय कुमार ने कहा है कि नव वर्ष को लेकर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतज़ाम किये गये हैं।

———बाईट———

इधर, राजधानी पटना में नए साल पर आज भीड़ प्रबंधन को लेकर यातायात व्यवस्था में कई बदलाव किये गये हैं। ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जाम से निजात दिलाना और लोगों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों से सावधानी से वाहन चलाने की अपील की।

———बाइट———

——————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि नव वर्ष नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि नव वर्ष केवल तारीख बदलने का अवसर नही है बल्कि नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का मौका है। वहीं, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी राज्यवासियों को नव वर्ष की बधाई और शुभकामना दी है।

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष दो हजार पच्चीस को सुधारों का वर्ष बताया है। इस वर्ष कई नीतियों का देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान रहा और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिये। हमारे विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में आज हम चर्चा कर रहे हैं वर्ष दो हजार पच्चीस में आंतरिक और बाहरी सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के महत्वपूर्ण कार्यों की। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

——————————————————————————————

राज्य में भ्रष्टाचार के मामलों की स्पीडी ट्रायल और तेज की जायेगी। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक जितेन्द्र सिंह गंगवार ने कहा कि मामलों की देख–रेख के लिए दो नये कोषांग बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई के संचालन में भी तेजी आयेगी। श्री गंगवार ने पटना में पत्रकारों से बात करते हुये कहा कि स्पीडी ट्रायल कोषांग न्यायालय में चार्जशीट से लेकर त्वरित सुनवाई, गवाही और पैरवी का काम तेज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन कोषांगों की देख–रेख डीआईजी स्तर के पदाधिकारी करेंगे।

——————————————————————————————

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा से जुड़े श्रमिक विकसित भारत– रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम दो हजार पच्चीस के अंतर्गत पूरी तरह सुरक्षित हैं। श्री चौहान ने मनरेगा के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत में यह बात कही। वेतन और मानदेय राशि के भुगतान की चिंताओं पर श्री चौहान ने कहा कि प्रशासनिक मदों के अंतर्गत व्यय की सीमा छह प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दी गई है।

——————————————————————————————

वैशाली जिले ने चालू विपणन खरीफ मौसम में धान खरीद के मामले में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर उनतीस से इकतीस दिसम्बर तक जिले में आयोजित तीन दिवसीय विशेष धान अधिप्राप्ति शिविर के आयोजन से धान क्रय में रिकॉर्ड तेजी दर्ज की गयी। इस दौरान दस हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की गयी। आठ सौ से अधिक नये किसानों को अधिप्राप्ति की प्रक्रिया से जोड़ा गया। कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार धान अधिप्राप्ति में सुपौल को दूसरा जबकि रोहतास को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

———————————————————————

प्रदेश में फिल्मों की शूटिंग के लिए फिल्म सिटी निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। कला और संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने बताया कि फिल्मों की शुटिंग के लिए राज्य के विभिन्न भागों में स्थल चयनित कर लिये गये हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म सिटी का निर्माण शुरू करने से पहले फिल्मों, सीरियल और वेब सिरीज के निर्माता तथा निर्देशकों से विचार–विमर्श किया जा रहा है। सचिव ने बताया कि सांस्कृतिक गतिविधियों को जिला स्तर पर बढ़ाने के लिए छह सौ बीस दर्शक क्षमता वाले अटल कला भवन का निर्माण किया जायेगा। इसमें लखीसराय और बांका जिले में भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार के निर्देश पर राज्य में लगभग तीन सौ दवाओं पर क्यूआर कोड लगाया गया है, जिससे आम लोग असली और नकली दवा में अंतर कर सकेंगे। सहायक औषधि नियंत्रक चुनेन्द्र महतो ने बताया कि ये सभी दवाएं शिड्यूल एच टू में शामिल हैं। नियंत्रक ने बताया कि क्यू आर कोड के साथ सभी दवा का यूआरएल भी अलग–अलग है। श्री महतो ने बताया कि मोबाइल से स्कैन करने के बाद सत्यापित संदेश के जरिए असली और नकली की पहचान की जा सकती है। उन्होंने कहा कि संदेह की स्थिति में नागरिक औषधि विभाग को सूचना दे सकते हैं। उनकी पहचान गुप्त रखी जायेगी।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। घने कुहासे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात भी बाधित हुआ है। आज सुबह राज्य के उत्तर–पूर्वी, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर घना से अत्यधिक घना कुहासा छाया रहा। इधर, पटना और आसपास के क्षेत्रों में सुबह हल्की धूप निकलने से लोकों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि

अगले पांच दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर भीषण शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान पांच डग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

——————————————————————

भीषण ठंड और कोहरे के कारण पटना के सभी स्कूलों में कक्षा आठ तक पठन–पाठन का कार्य कल तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिलाधिकारी त्यागराजन एसएम ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। वहीं, नौवीं और इससे ऊपर की कक्षाओं का संचालन सुबह दस बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ही किया जा सकता है। इधर, सीतामढ़ी में बारहवीं तक पठन–पाठन तीन जनवरी तक स्थगित कर दिया गया है।

——————————————————————

बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम दो हजार पच्चीस के दूसरे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीस बाल वैज्ञानिकों को उनके नवाचार प्रयोग के लिए पुरस्कृत किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार पटना के शाश्वत कुमार ने जीता।

——————————————————————

वर्ष दो हजार पच्चीस के आखिरी दिन कल खेल के विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में राज्य के खिलाड़ियों ने जीत हासिल की है। गुवाहाटी में सम्पन्न चौदहवें राष्ट्रीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता के अंडर इलेवन बालक वर्ग में देवांश केसरी ने रजत पदक जीता। वहीं, महाराष्ट्र में भी चल रही तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंडर सेवेंटीन बालक वर्ग में केसर राज ने रजत पदक जीता है। इसके साथ ही, हॉकी इंडिया अस्मिता लीग दो हजार पच्चीस में बिहार को रजत पदक मिला है। इधर, रांची में खेले गये विजय हजारे क्रिकेट ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप के मुकाबले में बिहार ने नागालैंड को आठ विकेट से पराजित कर दिया है।

——————————————————————

बिहार कर्मचारी चयन आयोग के नये अध्यक्ष आलोक राज बनाये गये हैं। पुलिस महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्ति के बाद श्री राज अगले पांच साल तक बीएसससी अध्यक्ष रहेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी की है।

——————————————————————

बेगूसराय जिले में स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने तेघड़ा थाना क्षेत्र में एक नक्सली एरिया कमांडर दयानंद मालाकार उर्फ छोटू उर्फ दमन को मुठभेड़ में मार गिराया है।

———————————————————————

अररिया जिले में नव वर्ष के पहले दिन प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मां खरगेश्वरी काली मंदिर, कुर्साकांटा का सुंदरी मठ सहित विभिन्न मंदिरों गुरुद्वारों में पूजा – अर्चना के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने उम्मीद दो हजार छब्बीस के हवाले से लिखा है – दुर्गम क्षेत्रों से मेट्रो शहरों तक विकास का साक्षी बनेगा यह वर्ष।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– नये साल में नौकरियों की रहेगी बहार।

प्रभात खबर ने लिखा है – बीस साल का शासनकाल, सीएम नीतीश के मंत्री उनसे अधिक अमीर।

दैनिक भास्कर की विशेष रिपोर्ट है – राज्य में पोर्टल पर होगी जमीन की कुंडली।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. उत्साह और उमंग के साथ लोग कर रहे है नव वर्ष का स्वागत। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।

02. निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक जितेन्द्र सिंह गंगवार ने कहा –राज्य में भ्रष्टाचार के मामलों के स्पीडी ट्रायल में और तेजी आयेगी।

03. केन्द्र सरकार के निर्देश पर राज्य में तीन सौ दवाओं पर क्यू आर कोड लगा। लोग स्कैन कर असली और नकली का कर सकेंगे पहचान।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में शीतलहर से जन जीवन अस्त–व्यस्त। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में हल्की धूप निकलने से थोड़ी राहत।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।